HORIZON BOOKS



Teacher's Manual

# बसंत हिंदी व्याकरण एवं रचना

1 to 5

BASANT BOOKS PVT. LTD.

लेखिका :
गीतांजली गुप्ता
एम०ए० (हिन्दी)

## 1. भाषा

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (i), (ख) (iii)

**2. उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) भाषा के **तीन** रूप हैं।

(ख) भाषण देना भाषा का **मौखिक** रूप हैं।

(ग) पत्र लिखना भाषा का **लिखित** रूप हैं।

(घ) विचारों का आदान-प्रदान **भाषा** के द्वारा किया जाता है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) 'भाषा' वह माध्यम है जिसकी सहायता से हम अपने विचारों व भावों का एक-दूसरे के साथ अदान-प्रदान करते है।

(ख) भाषा हमारे मन की बातों को दूसरों तक पहुँचाने का साधन है।

(ग) भाषा के तीन रूप है—1. बोलकर, 2. लिखकर, 3. संकेत द्वारा।

## 2. वर्णमाला

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (iii), (ख) (iii)

**2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) ड़ तथा ढ़ **अतिरिक्त** वर्ण हैं।

(ख) क्ष, त्र, ज्ञ तथा श्र **संयुक्त** व्यंजन हैं।

(ग) अं तथा अ: **अयोगवाह** हैं।

(घ) हिंदी भाषा में **11** स्वर तथा **33** व्यंजन हैं।

(ङ) **वर्ण** भाषा की सबसे छोटी इकाई है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) 'भाषा' की सबसे छोटी इकाई (ध्वनि) को वर्ण कहते हैं।

(ख) वर्ण के दो भेद होते हैं—स्वर, व्यंजन

(ग) भाषा में प्रयोग होने वाले वर्णों के व्यवस्थित समूह को वर्णमाला कहते हैं।

## 3. स्वरों की मात्राएँ

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (iii), (ख) (ii)

**2. उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) **अनुस्वार** का चिह्न वर्ण के ऊपर लगता है।

(ख) 'हाथी' शब्द में **चार** ध्वनियाँ हैं।

(ग) **शब्द** व्यंजन व स्वरों के मेल से बनते हैं।

(घ) 'कोयल' में 'क' के साथ **ओ** स्वर मिला है।

(ङ) प्रत्येक शब्द में कई **ध्वनियाँ** होती हैं।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) कमल, काला, किताब, कील, कुत्ता, कूलर, कृषक, केला, कैमरा, कोयल, कौआ।

(ख) स्वरों को व्यंजनों के साथ मिलाकर लिखते समय स्वर के मूलरूप के स्थान पर जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उसे मात्रा कहते हैं।

## 4. शब्द और वाक्य

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (iii), (ख) (iii)

**2. उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) शब्दों के योग से **वाक्य** बनते हैं।

(ख) कमल एक **सार्थक** शब्द है।

(ग) शब्द के **दो** भेद हैं।

(घ) जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता, उन्हें **निरर्थक** शब्द कहते हैं।

(ङ) वर्णों के योग से **शब्द** बनते हैं।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) वर्णों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं।

(ख) शब्दों को उचित क्रम में जोड़कर वाक्य बनाये जाते हैं।

(ग) यदि वर्णों को क्रमबद्ध तरीके से न जोड़ा जाए तो उन शब्दों का कोई अर्थ नहीं निकलता है। ऐसे शब्दों को निरर्थक शब्द कहते हैं।

## 5. संज्ञा

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (iii), (ख) (iii)

**2. उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–**

(क) **लालकिला** एक स्थान का नाम है।

(ख) 'क्रोध' एक **भाव** का नाम है।

(ग) 'राम' एक **प्राणी** का नाम है।

(घ) किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को **संज्ञा** कहते हैं।

(ङ) 'पंखा' एक **वस्तु** है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) **नाम**—राम, रमेश, **स्थान**—मेरठ, आगरा,
**वस्तु**—मेज, किताब, **भाव**—हँसी, क्रोध

(ख) किसी प्राणी, स्थान, वस्तु या भाव के नाम को 'संज्ञा' कहते है। संसार में प्रत्येक व्यक्ति, स्थान और वस्तु का कोई-न-कोई नाम होता है। नाम के बिना कोई नहीं होता। नाम को ही संज्ञा कहा जाता है।

(ग) राम, रमेश, आगरा, बचपन, मेरठ।

## 6. लिंग

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (i), (ख) (ii)

**2. उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्दों को **स्त्रीलिंग** कहते हैं।

(ख) पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्दों को **पुल्लिंग** कहते हैं।

(ग) संज्ञा के पुरुष या स्त्री जाति के होने का बोध कराने वाले शब्द के रूपों को **लिंग** कहते हैं।

(घ) लिंग के **दो** प्रकार हैं।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) संज्ञा शब्दों के जिन रूपों से उनके पुरुष या स्त्री जाति के होने का पता चलता है, उन्हें लिंग कहते हैं।

(ख) हिंदी भाषा में लिंग दो प्रकार के होते हैं—

1. पुल्लिंग,

2. स्त्रीलिंग

(ग) जिन संज्ञा शब्दों से उनके स्त्री जाति के होने का पता चलता है, उन्हें **स्त्रीलिंग** कहते हैं; जैसे—लड़की, मुर्गी, मोरनी, शेरनी आदि।

(घ) जिन संज्ञा शब्दों से उनके पुरुष जाति के होने का पता चलता है, उन्हें **पुल्लिंग** कहते हैं; जैसे—लड़का, मुर्गा, मोर, शेर आदि।

## 7. वचन

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (iii), (ख) (i)

**2. उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) **एकवचन** से संज्ञा की एक संख्या का बोध होता है।

(ख) शब्द का एक रूप जो किसी वस्तु की संख्या एक अथवा एक से अधिक होने का ज्ञान कराए **वचन** कहलाता है।

(ग) 'दवात' का बहुवचन रूप **दवातें** है।

(घ) 'छतरियाँ' शब्द छतरी का **बहुवचन** रूप है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) शब्द का वह रूप जो संज्ञा और सर्वनाम का एक या एक से अधिक होना बताता है, वचन कहलाता है।

(ख) वचन दो प्रकार के होते हैं—

1. एकवचन,

2. बहुवचन।

(ग) जिस शब्द से एक प्राणी, वस्तु या स्थान का बोध होता है, उसे **एकवचन** कहते हैं।

(घ) वह शब्द जो एक से अधिक प्राणियों, वस्तुओं अथवा स्थानों का बोध कराता है, उसे **बहुवचन** कहते हैं।

## 8. सर्वनाम

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (iii), (ख) (iii)

**2. निम्नलिखित शब्दों में से उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) **वह** आज विद्यालय नहीं जाएगा।

(ख) **हम** आपके घर आएँगे।

(ग) **मैं** तुम्हारा मित्र हूँ।

(घ) सर्वनाम का प्रयोग **संज्ञा** के स्थान पर किया जाता है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) संज्ञा के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें **सर्वनाम** कहते हैं।

(ख) मैं, हम, तुम, उसने, वह।

## 9. विशेषण

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (ii), (ख) (ii)

**2. सहायक सूची से उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) मेरा बगीचा **सुंदर** है।

(ख) तुम्हारा कुत्ता **काला** है।

(ग) संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को **विशेषण** कहते हैं।

(घ) शहद **मीठा** होता है।

(ङ) सुरेश एक **अच्छा** लड़का है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) सभी संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की कोई-न-कोई विशेषता होती है। जो शब्द उन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता के बारे में बताते हैं कि वे कैसे या कितने हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।

(ख) काला, सुंदर, मीठा, अच्छा, सफेद।

## 10. क्रिया

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (iii), (ख) (iii).

**2. उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

(क) **दौड़ना** एक क्रिया है।

(ख) शीला **जा** रही है।

(ग) किसी काम का करना या होना **क्रिया** कहलाता है।

(घ) बच्चा गाना **गाता** है।

(ङ) लड़कियाँ आइसक्रीम **खाती** हैं।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता चलता है, उन्हें **क्रिया** कहते हैं; जैसे—खेलना, हँसना, पढ़ना आदि।

(ख) पढ़ना, लिखना, चलना क्रिया है।

(ग) खेलना, दौड़ना, पड़ना, नाचना, तैरना।

## 11. विलोम शब्द

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (i), (ख) (i)

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) जो शब्द एक-दूसरे से ठीक उल्टा अर्थ बताते हैं, उन्हें विलोम शब्द कहते हैं।

(ख) विलोम शब्दों को विपरीतार्थक शब्द भी कहा जाता है।

## 12. पर्यायवाची शब्द

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (i), (ख) (i)

**2. उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए–**

(क) शेर को **वनराज** भी कहा जाता है।

(ख) **धरा** को पृथ्वी भी कहते हैं।

(ग) पुत्र और **सुत**, दोनों का अर्थ एक ही है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) अर्थ में समानता जिन-जिन शब्दों में होता है, वे **पर्यायवाची शब्द** कहलाते हैं।

(ख) **बेटा :** पुत्र, सुत

**स्त्री :** वानिता, कामिनी, नारी

**घोड़ा :** अश्व, बाजि

**दिन :** वार, वासर, दिवस।

## 13. दिन और महीने

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (ii), (ख) (i)

**2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) एक साल में **365** दिन होते हैं।

(ख) एक साल में **12** महीने होते हैं।

(ग) सात दिनों का समूह **सप्ताह** कहलाता है।

(घ) **फरवरी** के महीने में 28 या 29 दिन होते हैं।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) सप्ताह

(ख) 1 महीने में 30 या 31 दिन होते हैं।

(ग) एक साल में 12 महीने होते है।

## 14. निबन्ध लेखन

स्वयं करें।

## 15. कहो कहानी

स्वयं करें।

## आदर्श प्रश्न-पत्र-1

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (iii), (ख) (iii)

**2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) स्त्रीलिंग, (ख) मौखिक, (ग) वर्ण, (घ) ध्वनि।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) स्वरों को व्यंजनों के साथ मिलाकर लिखते समय स्वर के मूलरूप के स्थान पर जिन चिह्नों का प्रयोग किया जाता है, उसे मात्रा कहते है।

(ख) शब्दों के उचित क्रम को जोड़कर वाक्य बनते है।

(ग) किसी प्राणी, स्थान, वस्तु या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

(घ) लिंग दो प्रकार के होते है—(i) पुल्लिंग, (ii) स्त्रीलिंग

**4. निम्नलिखित शब्द के स्त्रीलिंग रूप लिखिए–**

| | |
|---|---|
| (क) चाची | (ख) बंदरिया |
| (ग) देवी | (घ) साँस |
| (ङ) मम्मी | (च) मामी |
| (छ) शेरनी | (ज) मोरनी |

**5. निम्नलिखित एकवचन के बहुवचन रूप लिखिए–**

| | |
|---|---|
| (क) गायें | (ख) गुड़ियाँ |
| (ग) पुस्तकें | (घ) रोटियाँ |
| (ङ) मछलियाँ | (च) आँखें |
| (छ) कविताएँ | (ज) कपड़ें |

## आदर्श प्रश्न-पत्र-2

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाए–**

(क) (iii), (ख) (i)

**2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) हम, (ख) केसरी, (ग) 365, (घ) धरा।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) संज्ञा के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें सर्वनाम कहते है।

(ख) नयन, नेत्र

(ग) संज्ञा या सर्वनाम की कोई-न-कोई विशेषता होती है। जो शब्द उन संज्ञा या सर्वनाम शब्दों की विशेषता के बारे में बताते है कि वे कैसे या कितने है, उसे विशेषण कहते है।

(घ) जिन शब्दों से किसी काम के करने या होने का पता चलता है, उन्हें क्रिया कहते है।

**4. निम्नलिखित शब्द के स्त्रीलिंग रूप लिखिए–**

(क) (ii), (ख) (iv), (ग) (v), (घ) (i), (ङ) (iii).

**5. निम्नलिखित एकवचन के बहुवचन रूप लिखिए–**

| | |
|---|---|
| (क) तरु, वृक्ष, द्रुम। | (ख) पानी, तोय, वारि। |
| (ग) रैन, निशा, रजनी। | (घ) नयन, चक्षु, नेत्र। |

# हिन्दी व्याकरण एवं रचना–2

## 1. भाषा

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (ii), (ख) (iii)

**2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

(क) बोलकर पढ़ाती अध्यापिका भाषा का **मौखिक** रूप प्रयोग करती है।

(ख) भाषा के मौखिक रूप से बात मुख से **बोलकर** बताते हैं।

(ग) भाषा के लिखित रूप में बात **लिखकर** बताते हैं।

(घ) **हिन्दी** भारत की राष्ट्रभाषा है।

(ङ) व्याकरण भाषा के **नियम** बनाता है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) भाष्

(ख) तीन, मौखिक, लिखित, सांकेतिक

(ग) सांकेतिक

## 2. वर्ण–विचार

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (iii), (ख) (i)

**2. कोष्ठक में से उचित शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) हिंदी में **11** स्वर हैं।

(ख) हिंदी के सभी वर्णों के व्यवस्थित समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

(ग) **वर्ण** भाषा की सबसे छोटी इकाई है।

(घ) हिंदी में **33** व्यंजन हैं।

(ङ) हिंदी भाषा में वर्ण के **2** भेद होते हैं।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) किसी भाषा के सभी वर्णों के समूह को उस भाषा का वर्णमाला कहते हैं।

(ख) वर्ण के तीन भेद होते हैं—1. स्वर, 2. व्यंजन, 3. संयुक्त व्यंजन।

(ग) वह छोटी-से-छोटी ध्वनि जिसके और टुकड़े न हो सकें, वर्ण कहलाती है।

## 3. मात्राएँ, शब्द और वाक्य

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (ii), (ख) (ii)

**2. रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर विधेय को पूरा कीजिए–**

(क) बच्चे **विद्यालय** जा रहे हैं।

(ख) चिड़िया **उड़** रही है।

(ग) सुनील **घर** में खेल रहा है।

(घ) सुनीता **किताब** पढ़ती है।

(ङ) मोहन **बाजार** जा रहा है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) हिंदी भाषा में व्यंजन के साथ स्वर जोड़ने के लिए स्वर के मूल रूप के स्थान पर केवल उसका चिह्न व्यंजन में जोड़ा जाता है, स्वरों के निश्चित चिन्हों को मात्रा कहते हैं।

(ख) दो या दो से अधिक वर्णों का वह समूह जिसका कुछ-न-कुछ अर्थ निकले शब्द कहलाता है।

(ग) वर्णों का वह उचित क्रम जिसका कुछ-न-कुछ अर्थ निकले, उसे सार्थक शब्द कहते है; जैसे—कलम, कछुआ आदि।

(घ) सही क्रम में बोला या लिखा गया शब्द-समूह जिसका अर्थ स्पष्ट हो, वाक्य कहलाता है।

(ङ) वाक्य के निम्नलिखित दो अंग होते हैं—1. उद्देश्य, 2. विधेय

## 4. संज्ञा

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (iii), (ख) (i)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते है; जैसे—ताजमहल, मोहित, कुर्सी, सुंदरता आदि।

(ख) संज्ञा के तीन भेद है—1. व्यक्तिवाचक संज्ञा, 2. भाववाचक संज्ञा, 3. जातिवाचक संज्ञा।

(ग) जिन संज्ञा शब्दों से किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण-दोष, दशा या भाव आदि का पता चलता है, उसे भाववाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे—सुंदरता, खुशी, सर्दी, बुढ़ापा आदि।

## 5. लिंग

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (i), (ख) (ii)

**2. उचित शब्द द्वारा रिक्त स्थान भरिए–**

(क) दादी जी कहानी सुना **रहे** हैं।

(ख) मेरा **भाई** डॉक्टर है।

(ग) **धोबी** कपड़े धो रहा है।

(घ) मोहन अच्छा **लड़का** है।

(ङ) नेहा पाठशाला जा **रही** है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) जिन शब्दों से उनके स्त्री जाति के होने का बोध होता है, उन्हें **स्त्रीलिंग** कहते हैं।

(ख) जिन शब्दों से उनके पुरुष जाति के होने का बोध होता है, उन्हें **पुल्लिंग** कहते हैं।

(ग) लिंग के दो भेद हैं—1. पुल्लिंग, 2. स्त्रीलिंग।

## 6. वचन

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (iii), (ख) (ii)

**2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए–**

(क) बगीचे में **तितलियाँ** उड़ रही हैं।

(ख) **गुड़िया** नाच रही है।

(ग) थैले में कितनी **वस्तुएँ** हैं?

(घ) **घोड़े** घास खा रहे हैं।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) संज्ञा शब्द के जिस रूप से एक या एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे वचन कहते हैं।

(ख) शब्द के जिस रूप से एक प्राणी या एक वस्तु का बोध होता है, एक एकवचन होता है।

(ग) शब्द के जिस रूप से एक से अधिक प्राणियों या वस्तुओं का बोध होता है, वह बहुवचन होता है।

## 7. सर्वनाम

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (iii), (ख) (i)

**2. खाली स्थान में सही सर्वनाम भरिए–**

1. **वह** पेड़ पर चढ़ गया।
2. **हम** पुस्तक पढ़ रहे हैं।
3. मेज पर रखी पुस्तक **किसकी** है?
4. **आप** कहाँ जा रहे हैं?
5. **मैं** मोहन की सहायता करूँगा।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) जो शब्द संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं; उन्हें सर्वनाम कहते हैं। मैं, हम, मुझको, हमको, मेरा, हमारा, तुम, तुम्हारा, आप, आपको, आपका, वह, वे, उसको, उनको, उसका, उनका आदि।

(ख) सर्वनाम के छः भेद होते है—

**(i) पुरुषवाचक सर्वनाम**—कहने वाले, सुनने वाले अथवा अन्य का बोध कराने वाले वाले। जैसे—मैं, तुम, हम, आप, वह आदि।

**(ii) निश्चयवाचक सर्वनाम**—जिनसे किसी वस्तु या व्यक्ति या निश्चित पता चले। जैसे—यह, ये, वह, वे आदि।

**(iii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम**—जिनसे किसी व्यक्ति या वस्तु का निश्चित ज्ञान न हो। जैसे—कोई, कुछ आदि।

**(iv) संबंधवाचक सर्वनाम**—जो एक का दूसरे के साथ संबंध बताएँ। जैसे—जो, सो, जैसा, वैसा जिसका आदि।

**(v) प्रश्नवाचक सर्वनाम**—जो प्रश्न करें। जैसे—कौन, क्या, किसे, किसको आदि।

**(vi) निजवाचक सर्वनाम**—जो स्वयं के लिए प्रयोग होते है। जैसे—आप, स्वयं, अपने आप आदि।

(ग) अपने से छोटों के लिए तू तथा तुम का प्रयोग होता है।

## 8. विशेषण

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (ii), (ख) (iii).

**2. खाली स्थान में उचित विशेषण शब्द चुनकर भरिए–**

(क) पुलिसवाला **खाकी** वर्दी पहनता है।

(ख) पेड़ पर **काला** कौआ बैठा है।

(ग) लड्डू बहुत ही **मीठे** होते हैं।

(घ) कमल का फूल बहुत ही **सुन्दर** होता है।

(ङ) मैं कक्षा **चार** में (पढ़ता/पढ़ती) हूँ।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) संज्ञा या सर्वनाम शब्दों के साथ कैसे या कितने लगाने से जो उत्तर शब्द रूप में मिलता है, वहीं विशेषण होता है।

(ख) जो शब्द संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।

(ग) विशेषण के भेद—1. गुणवाचक विशेषण, 2. संख्यावाचक विशेषण, 3. परिमाणवाचक विशेषण, 4. संकेतवाचक विशेषण, 5. व्यक्तिवाचक विशेषण

## 9. क्रिया

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (ii), (ख) (ii)

**2. सही क्रिया शब्द चुनकर खाली जगह भरिए–**

(क) तानसेन अकबर के संगीतज्ञ **थे**।

(ख) शिल्पा नाच **रही** थी।

(ग) आइए, खाना खा **लीजिए**।

(घ) तारे चमक रहे **हैं**।

(ङ) पिताजी बिस्तर पर **बैठे** हैं।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) जिन शब्दों से किसी कार्य का करना या होना पता चलता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।

(ख) सोना, जागना, हँसना, भागना, दौड़ना

## 10. काल

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (iii), (ख) (iii)

**2. खाली स्थान में काल का नाम भरिए–**

(क) **वर्तमान** काल के वाक्यों के अन्त में है, हैं, हो हूँ शब्द आते हैं।

(ख) **भविष्य** काल के वाक्यों के अन्त में गा, गी, गे आते हैं।

(ग) **भूतकाल** के वाक्यों के अन्त में था, थी, थे, थीं आते हैं।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) क्रिया के जिस रूप से कार्य के करने या होने के समय का पता चलता है, उसे **काल** कहते हैं।

(ख) काल के तीन भेद होते हैं—1. वर्तमान काल, 2. भूतकाल, 3. भविष्यत् काल

(ग) जो समय अब चल रहा है, उसे वर्तमान काल कहते हैं। इस काल के वाक्यों के अन्त में है, हैं, हूँ, हो आते हैं; जैसे—मैं बीमार नहीं हूँ।, तुम कहाँ रहती हो?

## 11. कारक

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (i), (ख) (iii), (ग) (i)

**2. उपर्युक्त कारक-चिह्नों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) बबीता **के** दो लड़के हैं।

(ख) मानव **ने** खाना खाया।

(ग) पुस्तक मेज **पर** रखी है।

(घ) तुम **को** पढ़ना है।

**3. निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

(क) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध क्रिया से जाना जाए, उसे **कारक** कहते हैं।

(ख) कारक आठ प्रकार के होते हैं। उनके नाम तथा विभक्ति चिह्न निम्नलिखित हैं—

| कारक | विभक्ति चिह्न |
|---|---|
| (क) कर्ता कारक | ने |
| (ख) कर्म कारक | को |
| (ग) करण कारक | से, के द्वारा |
| (घ) संप्रदान कारक | के लिए |
| (ङ) अपादान कारक | से (अलग होने के अर्थ में) |
| (च) सम्बन्ध कारक | का, की, के, रा, री, रे |
| (छ) अधिकरण कारक | में, पर |
| (ज) संबोधन कारक | ओ! हे! अरे! |

## 12. पर्यायवाची शब्द

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (iii), (ख) (ii)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) **पानी**—जल, नीर, तोय

**आग**—अग्नि, अनल, पावक

(ख) ऐसे शब्द जिनके अर्थ समान हों, **समानार्थी** या **पर्यायवाची** शब्द कहलाते हैं।

## 13. विलोम शब्द

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (ii), (ख) (i)

**2. रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

(क) वह **दिन रात** मेहनत करता है।

(ख) मैच में भारत की **जीत** हुई और पाकिस्तान की **हार**।

(ग) सच्चा मित्र **सुख** में तो काम आता ही है और **दुःख** में भी।

(घ) सुबह **उजाला** होता है और शाम को **अँधेरा**।

(ङ) किताब मेज के **ऊपर** है या **नीचे**।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) किसी शब्द का विपरीत अर्थ बताने वाला शब्द उसका विलोम शब्द कहलाता है।

(ख) 'स्त्री'—पुरुष, 'प्रारंभ'—अंत

## 14. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (ii), (ख) (ii)

**2. रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखिए–**

(क) अफजल जूते ठीक करता है, वह **मोची** है।

(ख) अशोक बगीचे की देखभाल करता है, वह **माली** है।

(ग) जिहान सेना में काम करता है, वह **सैनिक** है।

(घ) शाकिब कपड़े सिलता है, वह **दर्जी** है।

(ङ) राजा कविता लिखता है, वह **कवि** है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) जो खत पहुँचाता हो, उसे डाकिया कहते है।

(ख) आज्ञाकारी

## 15. मुहावरे

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (i), (ख) (i)

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) ऐसे पद या वाक्यांश, जो अपने शाब्दिक अर्थ के लिए नहीं, बल्कि विशेष अर्थ के लिए प्रयुक्त होते हैं, मुहावरे कहलाते हैं।

(ख) सावधान होना

## 16. कहानी–लेखन

**सहायक शब्दों के आधार पर कहानी लेखन–**

किसी गाँव में एक किसान रहता था। उसके **चार** बेटे थे। वे सदा आपस में **झगड़ते** रहते थे। किसान उन्हें झगड़ते देखकर बहुत **दुःखी** होता था। उसने उन्हें बहुत **समझाया**, पर उनमें **कोई** नहीं हुआ। एक दिन किसान को एक **तरकीब** सूझी। उसने लकड़ी का एक **गट्ठर** मँगवाया, अपने चारों **बेटों** को बुलवाया और एक-एक करके लकड़ी के गट्ठर को **तोड़ने** को कहा। कोई भी उसे नहीं **तोड़** पाया। फिर किसान ने उस गट्ठर को **खुलवा** दिया। उसने सबको एक-एक **लकड़ी** दी और तोड़ने को कहा। सबने उसे **आसानी** से तोड़ दिया। किसान ने समझाया—"जब तक गट्ठर

**बँधा** था, तब तक उसे तुममें से **मेल** भी नहीं तोड़ पाया, पर जब तक खुल गया, तो तुम सबने **एक-एक** लकड़ी को **बड़ी** आसानी से तोड़ दिया। इसी तरह यदि तुम सब **मिलजुलकर** रहोगे, तो तुम्हें कोई **हानि** नहीं पहुँचा सकता। **एकता** में बहुत **शक्ति** होती है।''

## 17. पत्र-लेखन

स्वयं करें।

## 18. निबन्ध लेखन

स्वयं करें।

## 19. चित्र-वर्णन

स्वयं करें।

## आदर्श प्रश्न-पत्र-I

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (ii), (ख) (i), (ग) (ii), (घ) (iii)

**2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) मेरा **भाई** डॉक्टर है।

(ख) थैले में कितनी **वस्तुएँ** है?

(ग) **वह** पेड़ पर चढ़ गया।

(घ) पेड़ पर **काला** कौआ बैठा है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) जो शब्द संज्ञा और सर्वनाम की विशेषता बताते हैं, उन्हें **विशेषण** कहते हैं।

(ख) भाषा के तीन रूप होते है—(i) मौखिक भाषा, (ii) लिखित भाषा, (iii) सांकेतिक भाषा

(ग) किसी भाषा के सभी वर्णों के समूह को उसे भाषा की **वर्णमाला** कहते है।

(घ) सही क्रम में बोला या लिखा गया शब्द-समूह जिसका अर्थ स्पष्ट हो, **वाक्य** कहलाता है।

**4. निम्नलिखित वर्णों को उचित क्रम में लगाकर सार्थक शब्द बनाइए–**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | म ल क | **कमल** |
| (ख) | जा रा | **राजा** |
| (ग) | र श त ब | **शरबत** |
| (घ) | ब कि ता | **किताब** |

## आदर्श प्रश्न-पत्र-II

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (ii), (ख) (iii), (ग) (i)

**2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

(क) तुम **को** पढ़ना है।

(ख) वह दिन **रात** मेहनत करता है।

(ग) राजा कविता लिखता है, वह **कवि** है।

(घ) किताब मेज के ऊपर है या **नीचे**।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) संज्ञा शब्द के जिस रूप से एक या एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे **वचन** कहते हैं।

(ख) जिन शब्दों से किसी कार्य का करना या होना पता चलता है, उन्हें क्रिया कहते हैं।

(ग) क्रिया के जिस रूप से कार्य के करने या होने के समय का पता चलता है, उसे काल कहते हैं।

(घ) संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध क्रिया से जाना जाए, उसे कारक कहते हैं।

**4. निम्नलिखित कारकों के सामने विभक्ति चिह्न लिखित –**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | कर्त्ता कारक | **ने** |
| (ख) | अपादान कारक | **से** |
| (ग) | कर्म कारक | **को** |
| (घ) | करण कारक | **से** |
| (ङ) | संबोधन कारक | **हे!, अरे!** |

## 1. भाषा और लिपि

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (i), 3. (ii), 4. (iii).

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. 'भाषा' वह माध्यम है जिसके द्‌वारा हम अपने विचार दूसरों तक पहुँचाते हैं तथा हम दूसरों के विचार समझते हैं।
2. जिस ज्ञान से हम भाषा को शुद्ध बोलना और लिखना सीखते हैं, उसे व्याकरण कहते हैं।
3. भाषा के मुख्यत: दो रूप होते हैं—1. मौखिक भाषा तथा 2. लिखित भाषा।
4. प्रत्येक भाषा को लिखने की अपनी एक विधि होती है, इस विधि को 'लिपि' कहते हैं।

## 2. वर्ण एवं वर्णमाला

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (i), 3. (i), 4. (i).

**(ख) उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. 'चिड़िया' शब्द में **छः** ध्वनियाँ सम्मिलित हैं।
2. अनुस्वार का चिह्न ं है।
3. 'क्ष', 'त्र', 'ज्ञ', व 'श्र' **संयुक्त** व्यंजन हैं।
4. **अ** सभी व्यंजनों में मिला रहता है।
5. वर्णों के क्रमबद्ध समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. भाषा की सबसे छोटी इकाई वर्ण कहलाती है, जिसके और छोटे टुकड़े नहीं किए जा सकते।
2. जब सभी स्वरों तथा व्यंजनों को एक साथ क्रमानुसार लिखा जाता है तो उसे वर्णमाला कहते हैं।
3. जिन व्यंजनों का निर्माण दो व्यंजनों के मेल से होता है, वे व्यंजन संयुक्त व्यंजन कहलाते हैं।

## 3. मात्राएँ एवं शब्द

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (ii), 3. (ii), 4. (i).

**(ख) उपर्युक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. 'गुलाब' एक **सार्थक** शब्द है।
2. **अ** स्वर की कोई मात्रा नहीं होती।
3. स्वरों का प्रयोग **मात्रा** के रूप में होता है।
4. जिन शब्दों का कोई अर्थ नहीं होता, वे **निरर्थक** शब्द कहलाते हैं।
5. दो या दो से अधिक वर्णों के मेल से बने सार्थक वर्ण-समूह को **शब्द** कहते हैं।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. दो या दो से अधिक वर्णों के मेल से बने सार्थक वर्ण-समूह को 'शब्द' कहते हैं।
2. किसी स्वर के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले चिह्न को उस स्वर की 'मात्रा' कहते हैं।
3. 'अ' को छोड़कर प्रत्येक स्वर की मात्रा होती है।
4. इ की मात्रा व्यंजन से पहले लगती है। जैसे—हिरन, किसान आदि।
5. उ, ऊ और ऋ की मात्राएँ व्यंजन के नीचे लगती हैं।

## 4. वाक्य

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (iii), 3. (i), 4. (i)

**(ख) उपर्युक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. कुत्ता भौंक रहा है वाक्य में 'कुत्ता' शब्द **उद्देश्य** है।
2. **शब्दों** के मेल से वाक्य बनते हैं।
3. 'माही विद्‌यालय जा रही है' वाक्य में विद्‌यालय जा रही है' **विधेय** है।
4. वाक्य के दो भाग होते हैं **उद्देश्य** एवं **विधेय**।
5. सार्थक शब्दों के व्यवस्थित समूह को **वाक्य** कहते हैं।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. सार्थक शब्दों का व्यवस्थित समूह, जो किसी विचार या भाव को स्पष्ट रूप से व्यक्त करता है, वाक्य कहलाता है।
2. वाक्य में जिसके बारे में कुछ बताया जाए, उसे उद्‌देश्य कहते हैं; जैसे—दिनेश पत्र लिख रहा है।
   ऊपर लिखे वाक्य में दिनेश उद्देश्य है।
3. वाक्य के मुख्य दो भाग होते हैं—(1) उद्‌देश्य, (2) विधेय

## 5. संज्ञा

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (ii), 3. (i), 4. (ii).

**(ख) उपर्युक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा हमेशा **एकवचन** में होती है।
2. संज्ञा **तीन** प्रकार की होती है।
3. व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को **संज्ञा** कहते है।
4. विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान को **व्यक्तिवाचक** संज्ञा कहते हैं।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. ऐसे संज्ञा शब्द जिनसे किसी संपूर्ण वर्ग या जाति का पता चलता है, जातिवाचक संज्ञा कहलाते हैं।
2. संज्ञा के पाँच भेद होते हैं—1. व्यक्तिवाचक, 2. जातिवाचक, 3. भाववाचक, 4. समूहवाचक संज्ञा, तथा 5. द्रव्यवाचक संज्ञा।

3. वे शब्द जो किसी प्राणी, वस्तु, स्थान और भाव आदि के नाम का बोध कराते हैं, संज्ञा कहलाते हैं। इस प्रकार सभी का कोई-न-कोई नाम होता है। यही नाम इनकी पहचान है।
4. ऐसे संज्ञा शब्द जिनसे किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान की स्थिति, भाव, दशा, अवस्था आदि का पता चलता है, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते है।
5. ऐसे संज्ञा शब्द जिनसे किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान का पता चलता है, व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाते है।

## 6. लिंग

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (iii), 3. (iii), 4. (i).

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. संज्ञा शब्द के जिस रूप से उसके पुरुष या स्त्री जाति के होने का बोध होता है, उसे लिंग कहते हैं।
2. पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं; जैसे—लड़का, पिता, रास्ता, मटका, घोड़ा, मेंढक आदि।
3. स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं; जैसे—लड़की, माँ, सड़क, मछली, घड़ी, घोड़ी आदि।

## 7. वचन

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (i), 3. (ii), 4. (iii).

**(ख) नीचे लिखे वाक्यों को ध्यान से पढ़िए। कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर खाली जगह में लिखिए–**

1. सभी **छात्राएँ** नाटक की तैयारी कर रही हैं।
2. चार **लड़के** घूम रहे हैं।
3. दो **लड़कियाँ** किताब पड़ रही है।
4. नीचे आसमान में **चिड़ियाँ** उड़ रही हैं।
5. **बकरी** घास चर रही है।

**(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक या एक से अधिक होने का बोध हो, उसे वचन कहते है।
2. वचन के दो भेद होते हैं—1. एकवचन तथा 2. बहुवचन
3. शब्द के जिस रूप से वस्तु, व्यक्ति या किसी प्राणी के एक होने का बोध होता हे, उसे एकवचन कहते हैं।
4. शब्द के जिस रूप से अनेक वस्तुओं, व्यक्तियों या अनेक प्राणियों का बोध होता है, उसे बहुवचन कहते हैं;

## 8. सर्वनाम

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (ii), 3. (ii), 4. (i)

**(ख) नीचे लिखे वाक्यों को ध्यान से पढ़िए। कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर खाली जगह में लिखिए–**

1. दरवाजा बंद कर दो, **वह** आ रहा है।
2. **हम** पुस्तक पढ़ रहे हैं।
3. **वे** पुकार रहे हैं।
4. मोहित ने कहा कि **वह** घर जा रहा है।
5. सविता ने **उसे** खाना दिया।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे—मैं, हम, तुम, आप, वह आदि।
2. सर्वनाम के निम्नलिखित छह भेद होते हैं—1. पुरुषवाचक सर्वनाम, 2. निश्चयवाचक सर्वनाम, 3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम, 4. सम्बन्धवाचक सर्वनाम, 5. प्रश्नवाचक सर्वनाम, 6. निजवाचक सर्वनाम।
3. जो सर्वनाम बात कहने वाले, सुनने वाले या किसी अन्य व्यक्ति या प्राणी के लिए प्रयोग किए जाते हैं, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

## 9. विशेषण

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (ii), 3. (iii), 4. (i).

**(ख) रिक्त स्थानों में उचित विशेषण भरिए–**

1. नारियल का पेड़ **ऊँचा** होता है।
2. पिता जी के पास **लंबी** छड़ी थी।
3. सिपाही की वर्दी **खाकी** होती है।
4. आम **मीठा** होता है।
5. गाय के कान **बड़े** होते हैं।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. दयालु, भला, कायर, साँवला, नाटा।
2. जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताते है, उसे विशेषण कहलाते हैं।

## 10. क्रिया

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (ii), 3. (ii), 4. (ii).

**(ख) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. पिता जी अखबार **पढ़** रहे हैं।
2. किसी **कार्य** का करना या होना 'क्रिया' कहलाता है।
3. अंकित सेब **खा** रहा है।
4. बच्चे गेंद से **खेल** रहे हैं।
5. वाक्य **क्रिया** के बिना अधूरा होता है।

**(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. क्रिया के दो भेद होते हैं—1. सकर्मक क्रिया और 2. अकर्मक क्रिया।
2. जिस क्रिया के साथ कर्म का प्रयोग होता है, उसे सकर्मक क्रिया कहते हैं।
3. जिस शब्द से किसी कार्य के करने या होने का बोध हो उसे **क्रिया** कहते हैं।
4. अकर्मक क्रिया।
5. क्रिया के मूल रूप को **धातु** कहते हैं।

## 11. काल

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (i), 3. (iii), 4. (ii)

**(ख) कोष्ठक में दिए गए काल की क्रिया से वाक्य पूर्ण कीजिए–**

1. हम सभी कल लाल किला **गए**।
2. कल दादा **जायेंगे**।
3. रात को वर्षा **होगी**।
4. यह हमारी गाय **है**।
5. सुनीता के पास एक पुस्तक **है**।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. जो शब्द क्रिया के होने के अलग-अलग समय का बोध करा रहे हो। व्याकरण में इस समय को **काल** कहते हैं।
2. काल के तीन भेद हैं—

   (i) **भूतकाल–**यह बीते हुए समय को बताता है।

   (ii) **वर्तमान काल–**यह चल रहे समय को बताता है।

   (iii) **भविष्यत् काल–**यह आने वाले समय को बताता है।
3. क्रिया के जिस रूप से कार्य के बीते हुए समय में होने का पता चलता है, उसे **भूतकाल** कहते हैं।
4. क्रिया के जिस रूप से कार्य के भविष्य में होने का पता चलता है, वह **भविष्यत् काल** कहलाता है। इस प्रकार के वाक्यों में क्रियाओं के साथ गा, गी, गे आदि जुड़े रहते हैं।
5. क्रिया के जिस रूप से वर्तमान काल का होना पाया जाए, उसे **वर्तमान काल** कहते हैं।

## 12. पर्यायवाची शब्द

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (i), 3. (i), 4. (i).

**(ख) रंगीन शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

1. वसन कहो या **वस्त्र** एक ही बात है।
2. स्त्री को **नारी** भी कहते हैं।
3. घर कहो या **ग्रह** एक ही बात है।
4. पिता को **तात** भी कहते हैं।
5. हम प्रकाश को **उजाला** भी कहते हैं।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. एक समान अर्थ वाले शब्दों को पर्यायवाची या सामानार्थी शब्द कहते है।
2. महिला, नारी, औरत

## 13. विलोम शब्द

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (ii), 3. (i), 4. (i).

**(ख) रंगीन शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

1. रास्ता चाहे कठिन हो या **सरल** हमें आगे बढ़ना है।
2. रेलगाड़ी आज जल्दी आ गई। कल **देर** से आई थी।
3. पंक्ति में मेरे आगे पाँच लोग खड़े थे और मेरे **पीछे** दस लोग।
4. चंद्रमा एक है किंतु तारे **अनेक**।
5. रीया साहसी लड़की है, परंतु उसकी बहन नीमा **डरपोक** है।

**(ग) विलोम शब्दों का उचित मिलान कीजिए–**

1. आशा → (iv) निराशा
2. कड़वा → (i) मीठा
3. सुख → (iii) दुख
4. आकाश → (v) पाताल
5. न्याय → (ii) अन्याय

## 14. अनेक शब्दों के लिए शब्द

**(क) अनेक शब्दों के लिए दिए गए शब्दों में से सही शब्दों पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (i), 3. (ii), 4. (iii).

**(ख) दिए गए वाक्यों में रंगीन वाक्यांशों के आधार पर उपयुक्त एक शब्द से रिक्त स्थान भरिए–**

1. मीना के पिता सोने के गहने बनाते हैं। वे **सुनार** हैं।
2. राघव के माता-पिता नहीं हैं। वह **अनाथ** है।
3. हमें आलस कभी नहीं करना चाहिए। **आलसी** को कोई पसंद नहीं करता।
4. मोहन तथा सोहन एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। वे **सहपाठी** हैं।
5. राम **गायक** है। वह बहुत अच्छा गाता है।

**(ग) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए–**

1. चौराहा
2. विदेशी
3. चित्रकार
4. सप्ताहिक
5. वाचाल

## 15. मुहावरे

**(क) सही उत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (iii), 3. (i), 4. (i).

**(ख) उपयुक्त मुहावरों का प्रयोग कर वाक्य पूरे कीजिए–**

1. कौशल्या को राम बहुत प्रिय थे। राम कौशल्या की **आँखों का तारा** थे।
2. गुलाब जामुन का डिब्बा देखते ही रीना के **मुँह में पानी** आ गया।
3. अनिल अपने माता–पिता का एक ही सहारा है। वह अपने माता–पिता के लिए **अंधे की लकड़ी** है।
4. पुलिस को देखते ही चोर **नौ-दो ग्यारह** हो गया।
5. रवि तो बिना बात ही **लाल-पीला** रहता है।

**(ग) मुहावरों को उनके सही अर्थ से मिलाइए–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | आसमान सिर पर उठाना | बहुत शोर करना |
| 2. | पीठ थपथपाना | शाबाशी देना |
| 3. | मुँह में पानी भर आना | लालच आना |
| 4. | हाथ मलना | पछताना |
| 5. | नौ दो ग्यारह होना | भाग जाना |

## 16. पत्र–लेखन

स्वयं करें।

## 17. अनुच्छेद लेखन

स्वयं करें।

## आदर्श प्रश्न–पत्र–I

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (ii), 3. (ii), 4. (i).

**(ख) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. चार **लड़के** घूम रहे है।
2. सभी **छात्राएँ** नाटक की तैयारी कर रही है।
3. **बकरी** घास चर रही है।
4. दो **चिड़ियाँ** उड़ रही है।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक या एक से अधिक होने का बोध हो, उसे वचन कहते है।
2. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते है।
3. मैं, हम, तुम, आप, वह।
4. जो शब्द संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताते है, उसे विशेषण कहलाते हैं।
5. 'भाषा' वह माध्यम है जिसके द्वारा हम अपने विचार दूसरों तक पहुँचाते हैं तथा हम दूसरों के विचार समझते हैं।

## आदर्श प्रश्न–पत्र–II

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (ii), 3. (ii), 4. (i).

**(ख) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. हम सभी कल लालकिला **देखने** गए।
2. कल दादा **जायेंगे**।
3. रात को वर्षा **होगी**।
4. यह हमारी गाय **है**।
5. सुनीता के पास एक पुस्तक **है**।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. जो शब्द क्रिया के होने के अलग–अलग समय का बोध करा रहे हो। व्याकरण में इस समय को **काल** कहते हैं।
2. एक–दूसरे से उलटा अर्थात् उल्टे अर्थ बताने वाले शब्द विलोम शब्द कहलाते हैं।
3. एक समान अर्थ वाले शब्दों को पर्यायवाची या सामानार्थी शब्द कहते है।
4. (i) वर्तमान काल, (ii) भूतकाल, (iii) भविष्यत् काल।
5. क्रिया के जिस रूप से वर्तमान काल का होना पाया जाए, उसे **वर्तमान काल** कहते हैं।

## 1. भाषा और व्याकरण

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (i), 3. (i), 4. (iii)

**(ख) रिक्त स्थान भरिए–**

1. देवनागरी लिपि को **बाएँ से दाएँ** लिखा जाता है।
2. भाषा का शुद्ध रूप **व्याकरण** है।
3. भाषा के लिखने के ढंग को **लिपि** कहते हैं।
4. सभी देशों की अपनी-अपनी **भाषा** है।
5. भाषा को लिखने के लिए **व्याकरण** की आवश्यकता होती है।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. वह साधन जिससे हम अपने मन के भाव या विचार दूसरों पर बोलकर या लिखकर प्रकट करते हैं, भाषा कहलाती है।
2. यह भाषा का पहला रूप है। इसमें बोलकर अपनी बात कहीं जाती है और दूसरा उसे सुनकर समझता है।
3. किसी भी भाषा को लिखने के लिए निश्चित किए गए चिह्नों को लिपि कहते हैं।
4. भाषा और व्याकरण का गहरा सम्बन्ध होता है। भाषा के शुद्ध रूप का ज्ञान व्याकरण के अध्ययन से प्राप्त होता है। प्रत्येक भाषा का अपना व्याकरण होता है।
5. व्याकरण के निम्नलिखित तीन अंग होते हैं—

   **(i) वर्ण–**यह भाषा की सबसे छोटी इकाई होती है। इसको टुकड़ों में नहीं बाँटा जा सकता है। जिन ध्वनि संकेतों से भाषा का निर्माण सम्भव हो पाता है उन्हें वर्ण अथवा अक्षर कहते हैं; जैसे—अ, आ, इ, ई, क्, ख्, ग इत्यादि।

   **(ii) शब्द–**दो अथवा दो से अधिक वर्णों के मेल को शब्द कहते हैं। ये शब्द किसी-न-किसी अर्थ को प्रकट करते हैं; जैसे—जल, निखिल, सुरेश, मेरठ आदि।

   **(iii) वाक्य–**सार्थक शब्दों का क्रमबद्ध समूह वाक्य का निर्माण करता है।

## 2. वर्ण-विचार

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (i), 3. (i), 4. (i)

**(ख) रिक्त स्थान भरिए–**

1. सबसे छोटी ध्वनियाँ ही **वर्ण** कहलाती है।
2. प्रत्येक स्वर की एक **मात्रा** होती है।
3. हिन्दी में व्यंजन की संख्या **33** है।
4. **स्वर** रहित व्यंजन आधे माने जाते हैं।
5. अं, अँ और अः न तो **स्वर** है और न ही **व्यंजन** है।

**(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. ऐसी ध्वनियाँ जिनका उच्चारण करते समय फेफड़ों से निकलने वाली वायु कण्ठ से सीधे बाहर आ जाती है, स्वर कहलाती हैं।

   व्यंजन को बोलने के लिए 'अ' की सहायता लेनी पड़ती है। हिंदी में व्यंजन की संख्या ३३ है। इनका उच्चारण करते समय हवा मुख के विभिन्न भागों को स्पर्श करती हुई निकलती है।
2. हिन्दी भाषा के लेखन के लिए जो चिह्न (वर्ण) प्रयुक्त होते हैं, उनके क्रमबद्ध समूह को वर्णमाला कहते हैं।
3. वर्ण वह छोटी-से-छोटी ध्वनि है जिसके और टुकड़े नहीं हो सकते।

## 3. शब्द-विचार

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (i), 3. (iii), 4. (i)

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. ऐसे शब्द जिनका कोई अर्थ नहीं होता है, **निरर्थक** शब्द कहलाते हैं।
2. दो या दो से अधिक **व्यंजनों** के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।
3. जिन शब्दों के टुकड़ों का अर्थ नहीं होता है, **निरर्थक** शब्द कहलाते हैं।
4. संस्कृत से सीधे हिन्दी में आए शब्दों को **तत्सम** शब्द कहते हैं।

**(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद होते हैं—1. तत्सम शब्द, 2. तद्भव शब्द, 3. देशज शब्द, 4. विदेशी शब्द।
2. दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को शब्द कहते हैं।
3. **विकारी शब्द–**इन शब्दों का रूप लिंग, वचन, पुरुष, और कारक के अनुसार बदलता है।

   **अविकारी शब्द–**इन शब्दों का रूप प्रयोग करते समय नहीं बदलता तथा ये अपने मूल रूप में बने रहते हैं। ऐसे शब्द को अव्यय कहते हैं; जैसे—आजकल, के लिए, इसलिए, अरे आदि।

## 4. वाक्य-विचार

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (i), 3. (iii), 4. (ii)

**(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. उद्देश्य के बारे में जो कुछ कहा जाए, उसे **विधेय** कहते हैं।

2. शब्दों का **सार्थक** समूह वाक्य कहलाता है।
3. **मयूर** वर्षा ऋतु में नाचता है।
4. **किसान** खेती करता है।
5. प्रत्येक वाक्य के **दो** मुख्य अंग होते हैं।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. शब्दों के सार्थक समूह को ही वाक्य कहते हैं।
2. स्वयं करे।
3. वाक्य में जिसके विषय में बताया जाए, उसे उद्देश्य कहते हैं। उद्देश्य के विषय में जो बात कहीं जाए, उसे विधेय कहते हैं।

## 5. संज्ञा

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (i), 3. (i), 4. (ii)

**(ख) उचित संज्ञा शब्दों से निम्नलिखित वाक्यों के खाली स्थान भरिए–**

1. आगरा का **ताजमहल** बहुत सुन्दर है।
2. **हिन्दी** हमारी राष्ट्रभाषा है।
3. गाय एक पालतू **जानवर** है।
4. परिश्रम करने से **सफलता** अवश्य मिलती है।
5. संकट के समय घबराना नहीं चाहिए, **धैर्य** से काम लेना चाहिए।

**(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. वे शब्द जो किसी विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु के नाम का बोध कराते हैं, उन्हें व्यक्तिवाचक संज्ञा कहा जाता है।

   वे शब्द जो किसी विशेष वर्ग या जाति के प्राणियों अथवा वस्तुओं का बोध कराते हैं, जातिवाचक संज्ञा कहलाते हैं।
2. जो शब्द किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, धर्म, दशा या स्वभाव आदि का बोध कराते हैं, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं; जैसे—बचपन, मोटापा, हँसी आदि।
3. मुख्यत: निम्न प्रकार के शब्दों से भाववाचक संज्ञाओं का निर्माण किया जाता है—

   (i) जातिवाचक संज्ञा से भाववाचक संज्ञा बनाना, (ii) सर्वनाम से भाववाचक संज्ञा बनाना, (iii) विशेषण से भाववाचक संज्ञा बनाना, (iv) क्रियाओं से भाववाचक संज्ञा बनाना, (v) क्रियाविशेषणों से भाववाचक संज्ञा बनाना।
4. किसी व्यक्ति, स्थान, वस्तु, गुण, या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं। संज्ञा के मुख्यत: पाँच भेद माने जाते है—

   (i) व्यक्तिवाचक संज्ञा, (ii) जातिवाचक संज्ञा, (iii) भाववाचक संज्ञा, (iv) समूहवाचक संज्ञा, (v) द्रव्यवाचक संज्ञा।

## 6. लिंग

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (i), 3. (ii), 4. (ii)

**(ख) सही मिलान कीजिए–**

| | |
|---|---|
| 1. मोर | (iii) मोरनी |
| 2. भाई | (v) बहन |
| 3. गायक | (iv) गायिका |
| 4. कवि | (i) कवयित्री |
| 5. मुर्गा | (ii) मुर्गी |

**(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. संज्ञा शब्द (प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव) स्त्री या पुरुष जाति के होते है। संज्ञा शब्द के जिस रूप से स्त्री या पुरुष जाति का बोध हो, उसे लिंग कहते हैं।
2. पुरुष जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं।
3. स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द स्त्रीलिंग कहलाते हैं।

## 7. वचन

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (iii), 3. (iii), 4. (i)

**(ख) कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से सही शब्द चुनकर निम्नलिखित वाक्यों के खाली स्थान भरिए–**

1. सामने **दवाइयों** की दुकान है।
2. कमरे में **बच्चा** पढ़ रहा है।
3. आकाश में **पतंग** उड़ रही है।
4. हवा चलने पर **बच्चा** पढ़ रहा है।
5. अलमारी में सुन्दर **साड़ियाँ** रखी हैं।

**(ग) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. संज्ञा शब्दों में कुछ वस्तुओं की संख्या एक होती है तो कुछ की एक से अधिक। एक वस्तु को एकवचन और एक से अधिक को **बहुवचन** कहते है।
2. वचन दो प्रकार के होते हैं—एकवचन और बहुवचन।

   **एकवचन**—शब्द के जिस रूप से उसके एक होने का पता चले, उसे एकवचन कहते हैं; जैसे—ताला, बच्चा, पंखा, माला आदि।

   **बहुवचन**—शब्द के जिस रूप से उसके एक से अधिक होने का पता चले, उसे बहुवचन कहते हैं; जैसे—ताले, बच्चे, पंखे, मालाएँ आदि।

## 8. सर्वनाम

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (i), 3. (iii), 4. (ii)

**(ख) सही शब्द चुनकर खाली स्थान भरिए–**

1. तुम्हारे घर में **कौन** आया है।
2. अब **आप** घर जाइए।
3. मैं का बहुवचन **हम** होता है।
4. ये खिलौने **तुम्हारे लिए** लाया हूँ।

5. बड़ों के लिए **आप** प्रयोग किया जाता है।
6. जिसके बारे में बात की जाए, उसके लिए **वह** आता है।
7. जो शब्द नामों की जगह प्रयोग किए जाते हैं, वे **सर्वनाम** होते हैं।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के बदले किया जाता है, उन्हें **सर्वनाम** कहते हैं; जैसे—वह, तुम, मैं, आदि।
2. जिस सर्वनाम शब्द से किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु के बारे में पता चले, वह **निश्चयवाचक सर्वनाम** कहलाता है।
3. जो सर्वनाम शब्द बोलने वाले, सुनने वाले और अन्य व्यक्तियों के लिए प्रयोग किए जाते हैं, वे **पुरुषवाचक सर्वनाम** कहलाते हैं; जैसे—मैं, हम, तुम, हमारा, आप, वे आदि।

## 9. विशेषण

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (ii), 3. (ii), 4. (ii)

**(ख) विशेषण के सही रूप से वाक्य भरिए–**

1. बग़ीचे में **पीले** फूल खिले थे।
2. उसके हाथ **लम्बे** हैं।
3. **मोटे** हाथी गन्ना खा रहे थे।
4. **रंग-बिरंगी** पतंगें उड़ रही हैं।
5. पानी में **छोटी** मछलियाँ तैर रही हैं।

**(ग) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. विशेषण के पाँच भेद होते हैं—1. गुणवाचक विशेषण, 2. संख्यावाचक विशेषण, 3. परिमाणवाचक विशेषण, 4. सार्वनामिक विशेषण, 5. व्यक्तिवाचक विशेषण
2. 1. गुणवाचक सर्वनाम—वीर, लंबी, सच्चा, भला, दानी,

   2. संख्यावाचक सर्वनाम—कई, दस, कुछ, दो, पाँच

   3. परिमाणवाचक सर्वनाम—तीन लीटर, एक किलो, पाँच किलो, थोड़ा पानी, सारा गेहूँ।

   4. सर्वनाममिकवाचक सर्वनाम—वह, यह, ये, उस वे।

   5. व्यक्तिवाचक सर्वनाम—बनरासी, कोलहापुरी, आगरा, पंजाबी, भारतीय।
3. वे संज्ञा या सर्वनाम शब्द जिनकी विशेषता बताई जाती है, उन्हें **विशेष्य** कहते हैं।

## 10. क्रिया

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (iii), 3. (ii), 4. (i)

**(ख) क्रिया शब्दों के सही रूपों से वाक्य पूरे कीजिए–**

1. किसान ने खेत में बीज **बोए**।
2. नेहा मेज के नीचे **छिपी** थी।
3. कक्षा में बच्चे **पढ़** रहे थे।
4. आज रेहान पतंग **उड़ायेगा**।
5. महेश **रो** रहा है।

**(ग) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. जिन शब्दों से किसी काम के होने या करने का पता चलता हो, वे शब्द **क्रिया** कहलाते हैं; जैसे—दौड़ना, हँसना, खेलना, सोना, भागना आदि।
2. जिस क्रिया में कर्म का होना पाया जाता है, वह **सकर्मक क्रिया** कहलाती है।

   जिन क्रियाओं में कर्म नहीं होता, वे **अकर्मक क्रियाएँ** कहलाती है।

## 11. पर्यायवाची शब्द

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (i), 3. (ii), 4. (ii)

**(ख) कोष्ठक में दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–**

1. **झगड़े** में कई लोग घायल हुए।
2. **नभ** में बादल छाए हैं।
3. **वृक्ष** हमारे सबसे उपयोगी मित्र हैं।
4. **वायु** हमारे चारों ओर है।
5. आज **विद्यालय** नहीं जाना क्या?
6. मेरे सारे **शरीर** में दर्द हो रहा है।
7. वे हमारे हिन्दी के **अध्यापक** हैं।

**(ग) नीचे लिखे प्रश्न के उत्तर दीजिए–**

1. समान अर्थ बताने वाले शब्दों को **पर्यायवाची** या **समानार्थक शब्द** कहते हैं।

## 12. विराम–चिन्ह

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (ii)

**(ख) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. लिखते समय अपनी बात को सही-सही समझाने के लिए हम जिन चिह्नों का विराम के रूप में प्रयोग करते है, उन्हें **विराम-चिह्न** कहते हैं।
2. विराम का अर्थ है रुकना। अपनी बात को ठीक प्रकार से कहने या समझाने के लिए बीच-बीच में रुकना, **विराम** कहलाता है। जब हम उस रूकना को चिह्न के माध्यम से प्रकट करते है, उन्हें **विराम चिह्न** कहते हैं।

## 13. विलोम शब्द

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (ii)

**(ख) निम्नलिखित वाक्यों में रंगीन शब्दों के विलोम शब्द भरिए–**

1. युद्ध में राजा की **विजय** और उसके शत्रु की **हार** हुई।
2. गांधीजी कहते थे कि **हिंसा** से नहीं **अहिंसा** से काम लेना चाहिए।
3. हमें **अज्ञान** का **अन्धकार** मिटाकर **ज्ञान** का **प्रकाश** फैलाना चाहिए।
4. आज से दो सौ साल पहले हम **परतंत्र** थे, पर अब हम **स्वतन्त्र** हैं।
5. अवनीश **आस्तिक** है, पर उसकी बहन **नास्तिक** है।

**(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. कुछ शब्द एक-दूसरे का उल्टा अथवा विपरीत अर्थ देते हैं। ऐसे शब्दों को **विलोम** या **विपरीतार्थक शब्द** कहा जाता है। उदाहरण—अंधकार का प्रकाश, सुख का दु:ख आदि।

## 14. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द

**(क) सही विकल्प पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (i), 3. (iii), 4. (iii)

**(ख) दिए गए शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए–**

1. हमारे देश में कई **दर्शनीय** स्थान हैं।
2. वह पत्र नहीं पढ़ सकता क्योंकि वह **अनपढ़** है।
3. कर्ण बहुत बड़ा **दानी** था।
4. वह ईश्वर को नहीं मानता, वह **नास्तिक** है।
5. रिया मेरी कक्षा में पढ़ती है वह मेरी **सहपाठी** है।

## 15. मुहावरे

**(क) सही ऊत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (i), 3. (ii)

## 16. अशुद्धि-शोधन

**(क) नीचे लिखे शब्दों में से शुद्ध शब्दों को लिखिए–**

स्वयं करें।

**(ख) नीचे लिखे वाक्यों में शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए–**

1. कल मैं अपने **गृह** जाऊँगा।
2. उसके गीत मेरे **हृदय** में समा गए।
3. पानी में **मेढ़क** है।
4. बड़ी शीघ्र **वापिस** आ गए।
5. **झूठ** मत बोलो।

## 17. कारक

**(क) सही ऊत्तर पर सही (✓) का चिह्न लगाए–**

1. (iii), 2. (i), 3. (i), 4. (i)

**(ख) निम्न विभक्तियों से संबंधित कारकों के नाम लिखिए–**

| | |
|---|---|
| ने | कर्ता |
| द्‌वारा | करण |
| के लिए | सम्प्रदान |
| को | कर्म |
| से | अपादान |
| में | अधिकरण |

**(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. कारक आठ प्रकार के होते हैं। उनके नाम तथा विभक्ति चिह्न निम्नलिखित हैं—

| कारक | विभक्ति चिह्न |
|---|---|
| (क) कर्ता कारक | ने |
| (ख) कर्म कारक | को |
| (ग) करण कारक | से, के द्वारा |
| (घ) संप्रदान कारक | के लिए |
| (ङ) अपादान कारक | से (अलग होने के अर्थ में) |
| (च) सम्बन्ध कारक | का, की, के, रा, री, रे |
| (छ) अधिकरण कारक | में, पर |
| (ज) संबोधन कारक | ओ! हे! अरे! |

2. करण का अर्थ होता है—'साधन'। अर्थात् जिस साधन की सहायता से कर्ता कोई कार्य करता है, वह साधन **करण कारक** होता है। इसके विभक्ति-चिह्न **से, के द्वारा** हैं; जैसे—संयम **पेन से** लिखता है।, सबको **तार के द्वारा** सूचित करो।

   संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से एक वस्तु का दूसरी वस्तु से अलग होना पाया जाता है, उसे **अपादान कारक** कहते हें। इसका विभक्ति-चिह्न से है। जैसे—**पेड़ से** फल गिरता है।, बालक छत से गिर पड़ा।

3. संज्ञा या सर्वनाम के जिस रूप से उसका संबंध क्रिया से जाना जाए, उसे **कारक** कहते हैं। **निम्न को देखिए**—सागर पेन **से** लिखता है। रिया **की** पुस्तक मेज **पर** रखी है।

   ऊपर प्रथम वाक्य में 'से'; 'सागर', 'पेन' का संबंध 'लिखने' से तथा दूसरे में 'की', 'पर'; 'पुस्तक', 'मेज' का संबंध 'रखी है' से दिखा रहे हैं। इन्हें 'कारकीय चिह्न' या 'परसर्ग' कहते हैं। इनके द्‌वारा जिस शब्द-रूप का संबंध क्रिया से दिखाया जाता है, वह **कारक** कहलाता है।

## 18. कहानी-लेखन

**बॉक्स में दिए शब्दों की सहायता से कहानी पूरी कीजिए–**

गोपाल एक **शरारत** लड़का था। वह **जानवरों** को बिना वजह परेशान करता था। एक दिन वह अपने दोस्त **सचिन** के साथ स्कूल जा रहा था। रास्ते में उसने एक **कुत्ते** को बैठे देखा। उसे **शरारती** सूझी।

उसने एक **पैर** उठाया। सचिन **गुस्सा** गया गया कि गोपाल कुत्ते को **मारना** चाहता है। उसने गोपाल से कहा—''बेचारे **जानवर** को क्यों मारते हो, मत मारो।''

गोपाल ने अपने दोस्त की बात **नहीं** मानी। उसने कुत्ते पर **पत्थर** फेंका। कुत्ता खड़ा हो गया। उसे गोपाल पर **गुस्सा** आया। पहले वह **भौंका** फिर तेज़ी से गोपाल पर झपटा। उसने गोपाल के **पैर** में काट लिया। गोपाल कुछ नहीं कर सका। वह वहीं बैठकर **रोने** लगा।

## 19. निबंध लेखन

स्वयं करें।

## 20. पत्र-लेखन

स्वयं करें।

## आदर्श प्रश्न-पत्र-I

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए-**

(क) (i), (ख) (i), (ग) (iii), (घ) (ii), (ङ) (iii)

**2. उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

(क) भाषा का मूल रूप **धातु** है।

(ख) सभी देशों की अपनी-अपनी **भाषाएँ** है।

(ग) **स्वर** रहित व्यंजन आधे माने जाते है।

(घ) प्रत्येक स्वर की एक **मात्रा** होती है।

(ङ) हिन्दी में व्यंजन की **३३** संख्या है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) हिन्दी भाषा के लेखन के लिए जो चिह्न (वर्ण) प्रयुक्त होते हैं, उनके क्रमबद्ध समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।

(ख) दो या दो से अधिक वर्णों के सार्थक मेल को **शब्द** कहते हैं।

(ग) किसी व्यक्ति, स्थान, वस्तु, गुण, या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

(घ) उत्पत्ति के आधार पर शब्दों के चार भेद होते हैं—तत्सम शब्द, तद्भव शब्द, देशज शब्द, विदेशी शब्द।

(ङ) जिन शब्दों का रूप लिंग, वचन, पुरुष, और कारक के अनुसार बदलता है, उन्हें **विकारी शब्द** कहते है।

**4. इन भाषाओं की लिपियों के नाम लिखिए-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | मराठी | देवनागरी |
| (ख) | नेपाली | नेपाली |
| (ग) | उर्दू | फारसी |
| (घ) | पंजाबी | गुरुमुखी |
| (ङ) | अंग्रेजी | रोमन |
| (च) | हिन्दी | देवनागरी |

## आदर्श प्रश्न-पत्र-II

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए-**

(क) (ii), (ख) (ii), (ग) (i), (घ) (iii), (ङ) (i)

**2. दिए गए शब्दों से वाक्य पूरे कीजिए-**

(क) वह पत्र नहीं पढ़ सकता क्योंकि वह **अनपढ़** है।

(ख) कर्ण बहुत बड़ा **दानी** था।

(ग) हमारे देश में कई **दर्शनीय** स्थान है।

(घ) वह ईश्वर को नहीं मानता, वह **नास्तिक** है।

(ङ) दिया मेरी कक्षा में पड़ती है, वह मेरी **सहपाठी** है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

(क) समान अर्थ बताने वाले शब्दों को **पर्यायवाची** या **समानार्थक शब्द** कहते हैं।

(ख) मुहावरे ऐसे वाक्य वाक्यांश होते हैं, जो अपने शाब्दिक अर्थ से अलग किसी अन्य अर्थ का संकेत करते हैं।

**4. निम्न विभक्तियों से संबंधित कारकों के नाम लिखिए-**

| | | |
|---|---|---|
| (क) | ने | कर्ता |
| (ख) | द्वारा | करण |
| (ग) | को | कर्म |
| (घ) | से | अपादान |
| (ङ) | के लिए | संप्रदान |
| (च) | में | अधिकरण |
| (छ) | हे | संबोधन |
| (ज) | की | संबंध |

## 1. भाषा–बोली, लिपि और व्याकरण

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (iii), 3. (iii), 4. (i).

**(ख) रिक्त स्थान भरिए–**

1. हिंदी व संस्कृत भाषा की लिपि **देवनागरी** है।

2. **व्याकरण** वह शास्त्र है जो हमें किसी भाषा को बोलने, लिखने व पढ़ने के नियम बताता है।

3. आदिकाल में मनुष्य **बोलकर** एवं **संकेतों** द्वारा विचारों का व्यक्त करता था।

4. हिंदी भाषा की दो बोलियाँ है—**अवधी** तथा **कन्नौजी**।

5. भाषा को लिखने के लिए **लिपि** की आवश्यकता होती है।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. भाषा विचारों व भावों को व्यक्त करने का वह समुचित व सशक्त साधन है। भाषा को लिखने की विधि ही **लिपि** कहलाती है।
2. भाषा में प्रयोग किए जाने वाले इन नियमों को **'व्याकरण'** कहते हैं।
3. भाषा के तीन रूप हैं—(i) मौखिक भाषा, (ii) लिखित भाषा, (iii) सांकेतिक भाषा।
4. भारतीय संविधान में मान्यता प्राप्त भाषाओं की संख्या 22 है, जोकि निम्न प्रकार हैं—1. हिंदी, 2. असमिया, 3. कन्नड़, 4. कश्मीरी, 5. मलयायम, 6. उर्दू, 7. सिंधी, 8. उड़िया, 9. मराठी, 10. पंजाबी, 11. संस्कृत, 12. तमिल, 13. तेलुगु, 14. बंगाली, 15. गुजराती, 16. नेपाली, 17. बोडो, 18. मणिपुरी, 19. कोंकणी, 20. संथाली, 21. मैथिली, 22. डोगरी।

## 2. वर्ण–विचार

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (iii), 3. (iii), 4. (i)

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. वर्णों के क्रमबद्ध समूह को **वर्णमाला** कहते हैं।
2. ऑ, ज, फ **अर्द्धचंद्र** ध्वनियाँ हैं।
3. स्वतंत्र रूप से बोले जाने वाले वर्ण **स्वर** कहलाते हैं।
4. शब्द के प्रत्येक वर्ण को अलग-अलग करना **वर्ण विच्छेद** कहलाता है।
5. हिंदी में **11** स्वर तथा **33** व्यंजन हैं।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. स्वरों का उच्चारण स्वतन्त्र रूप से किया जाता है। इन्हें बोलते समय मुख से हवा बिना किसी रुकावट के निकलती है। हिन्दी भाषा में इनकी संख्या **ग्यारह** है।
2. अं का चिह्न बिन्दु ं है। इसे अनुस्वार कहते हैं। इसे नाक की सहायता से बोला जाता है; जैसे—ठंडा, जंगल, कंचन, चंपत, अंतर आदि।

   **अँ**—यह अनुनासिक है। इसका चिह्न चन्द्रबिन्दु ँ है, परन्तु यदि शिरोरेखा पर मात्रा हो तो केवल बिंदु लगाई जाती है; जैसे—चाँद, साँप, बूँद, आँख, कुँवर, आदि।
3. एक जैसे दो वर्णों के मेल को जिनमें पहला व्यंजन स्वर रहित व दूसरा व्यंजन स्वर सहित होता है, **द्वित्व व्यंजन** कहते हैं; जैसे—

   क् + क = क्क **(पक्का, चक्का)**

   त् + त = त्त **(पत्ता, कुत्ता)**

   म् + म = म्म **(चम्मच, अम्मा)**

   च् + च = च्च **(सच्चा, बच्चा)**
4. स्वरों का उच्चारण स्वतन्त्र रूप से किया जाता है। इन्हें बोलते समय मुख से हवा बिना किसी रुकावट के निकलती है। हिन्दी भाषा में इनकी संख्या **ग्यारह** है।

   जिन वर्णों का उच्चारण स्वरों की सहायता से किया जाता है, वे **व्यंजन** कहलाते हैं। व्यंजनों का उच्चारण करते समय हवा के भीतर कंठ, तालु, मूर्धा, दंत व ओष्ठ से स्पर्श करती है। हिन्दी में 33 व्यंजन होते हैं।

## 3. शब्द–विचार

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (iii), 3. (iii), 4. (i).

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. हिंदी में शब्दों को **तीन** आधारों पर बाँटा गया है।
2. मिठाईवाला व डाकखाना **यौगिक** शब्द हैं।
3. जिन शब्दों में किसी भी स्थिति में परिवर्तन नहीं आता, उन्हें **अविकारी** शब्द कहते हैं।
4. अग्नि, सूर्य, कार्य आदि **तत्सम** शब्द हैं।
5. वर्णों का सार्थक समूह **शब्द** कहलाता है।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. वर्णों का वह सार्थक समूह जिसका कोई अर्थ हो, **शब्द** कहलाता है। हिंदी भाषा में शब्दों को तीन आधारों पर बाँटा गया है—(i) उत्पत्ति के आधार पर, (ii) रचना के आधार पर, (iii) प्रयोग के आधार पर।
2. रचना/बनावट के आधार पर शब्द तीन प्रकार के होते हैं—

   **(क) रूढ़ शब्द**—ये ऐसे शब्द होते हैं जिनके टुकड़े नहीं किए जा सकते। यदि इनके टुकड़े करके देखें भी, तो इनका कोई अर्थ नहीं निकलता। जैसे—घर, गुरु, हाथी, विद्या आदि।

   **(ख) यौगिक शब्द**—ये शब्द दो शब्दों के योग से बनते हैं। 'योग' का अर्थ होता है—जोड़। अत: दो शब्दों के जोड़ से

बने ऐसे शब्द, जो सार्थक होते हैं—**यौगिक शब्द** कहलाते हैं। इनके टुकड़े किए जा सकते हैं। जैसे—

विद्या + आलय = विद्यालय

मिठाई + वाला = मिठाईवाला

**(ग) योगरूढ़ शब्द**—ये ऐसे शब्द होते हैं जिनके टुकड़े तो हो सकते हैं, परन्तु उन टुकड़ों का सीधा अर्थ न निकलकर कोई विशेष अर्थ निकलता है; जैसे—

नीला + कण्ठ = नीलकण्ठ (नीले कण्ठ वाला अर्थात् शिव)

पंक + ज = पंकज (पंक = कीचड़ में, ज = जन्मा अर्थात् कमल)

3. **उत्पत्ति के आधार पर-**उत्पत्ति के आधार पर शब्द चार प्रकार के होते हैं—

   **(क) तत्सम शब्द-**संस्कृत भाषा के वे शब्द जो हिंदी में भी अपने मूल रूप में प्रयोग किए जाते हैं, **तत्सम शब्द** कहलाते हैं; जैसे—ग्राम, सूर्य, दुग्ध, सत्य, प्रथम आदि।

   **(ख) तद्भव शब्द-**संस्कृत के वे शब्द जो कुछ बदले हुए रूप के साथ हिंदी भाषा में प्रयोग किए जाते हैं, **तद्भव शब्द** कहलाते हैं; जैसे—आम, सूरज, दूध, कान, साँप आदि।

   **(ग) देशज शब्द-देशज शब्द** उन्हें कहते हैं जिन्हें देश में बोली जाने वाली अन्य बोलियों अथवा भाषाओं से हिंदी भाषा में लिया गया है। ये साधारण बोलचाल में प्रयुक्त होते हैं; जैसे—पगड़ी, थैला, खिचड़ी, जूता, पैसा, रोटी, गाड़ी आदि।

   **(घ) विदेशी शब्द-**हिंदी भाषा में प्रयोग किए जाने वाले वे शब्द जो दूसरे देशों की भाषाओं से लिए गए हैं, **विदेशी शब्द** कहलाते हैं; जैसे—चाकू, कार्टून, गमला, कॉलेज, पादरी, जमीन, औलाद, जन्नत, पटाखा, चाय, लीची आदि।

4. **प्रयोग के आधार पर-**प्रयोग के आधार पर शब्द दो प्रकार के होते हैं—

   **(क) विकारी शब्द-**संज्ञा, सर्वनाम, क्रिया तथा विशेषण विकारी शब्द होते हैं।

   **(ख) अविकारी शब्द-**हिंदी में चार प्रकार के अविकारी शब्द हैं—

   **क्रियाविशेषण–**यहाँ, वहाँ, ऊपर, अभी, धीरे-धीरे आदि।

   **सम्बन्धबोधक–**के साथ, के बाद, से पहले, की ओर आदि।

   **समुच्चयबोधक–**और, तथा, एवं परन्तु, क्योंकि, ताकि, अथवा, अन्यथा आदि।

   **विस्मयादिबोधक–**हाय, वाह-वाह, अरे, छि:-छि: आदि।

## 4. वाक्य–विचार

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (ii).

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

1. सार्थक शब्दों का व्यवस्थित समूह जो हमारे विचारों एवं भावों को पूर्ण रूप से प्रकट करता है, **वाक्य** कहलाता है; जैसे—नवीन घर जाता है।
2. वाक्य के दो अंग होते हैं—1. उद्देश्य और 2. विधेय।

   जैसे—(i) राम पत्र लिख रहा है।

   (ii) रिया किताब पढ़ रही है।

   पहले वाक्य में, राम (उद्देश्य) के बारे में कहा जा रहा है कि वह पत्र लिख रहा है। (विधेय)।

   दूसरे वाक्य में, रिया (उद्देश्य) के बारे में कहा जा रहा है कि वह किताब पड़ रही है। (विधेय)।
3. इस आधार पर वाक्य तीन प्रकार के होते हैं—(i) सरल वाक्य, (ii) संयुक्त वाक्य, (iii) मिश्र वाक्य
4. अर्थ के आधार पर वाक्य आठ प्रकार के होते हैं—(i) विधानवाचक वाक्य, (ii) निषेधवाचक वाक्य, (iii) प्रश्नवाचक वाक्य, (iv) आज्ञावाचक वाक्य, (v) इच्छावाचक वाक्य, (vi) सन्देहवाचक वाक्य, (vii) संकेतवाचक वाक्य, (viii) विस्मयवाचक वाक्य।

## 5. संज्ञा

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (ii), 3. (iii), 4. (iii).

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम को **व्यक्तिवाचक संज्ञा** कहते है। जैसे—भगत सिंह, लालकिला, महाभारत।
2. जिन शब्दों से किसी व्यक्ति या वस्तु के गुण, दशा, स्थिति या भाव आदि का पता चलता है, उन्हें **भाववाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—बुढ़ापा, रोना, खुशी।
3. जातिवाचक संज्ञा, विशेषण, अव्यय।
4. किसी प्राणी, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को **संज्ञा** कहते हैं। संज्ञा के पाँच भेद होते हैं—(i) व्यक्तिवाचक, (ii) जातिवाचक, (iii) भाववाचक, (iv) समुदायवाचक, (v) द्रव्यवाचक।
5. संज्ञा शब्द से किसी प्राणी, स्थान, वस्तु की संपूर्ण जाति का बोध होता है, उसे **जातिवाचक संज्ञा** कहते हैं; जैसे—पुस्तक, वकील, फल आदि।

## 6. लिंग

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (ii), 3. (i), 4. (ii).

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

1. स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द **स्त्रीलिंग** कहलाते हैं।
2. लिंग दो प्रकार के होते है—**पुल्लिंग** तथा **स्त्रीलिंग**।
3. **पुरुष** जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते हैं।

4. शब्दों के अंत में ई, या, आवट आदि वाले शब्द सामान्यतया **स्त्रीलिंग शब्द** होते हैं।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. शब्द के जिस रूप से उसके स्त्री अथवा पुरुष जाति के होने का पता चलता है, वह **लिंग** कहलाता है। लिंग दो प्रकार के होते है—पुल्लिग और स्त्रीलिंग।
2. जो शब्द किसी पुरुष जाती के होने के बारे में बताएँ, उन्हें **पुल्लिंग** कहते हैं; जैसे—पापा, मामा, चाचा, दादा, लड़का आदि।
3. मच्छर, भालू, खरगोश, मगरमच्छ, कछुआ।
4. स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द **स्त्रीलिंग** कहलाते हैं; जैसे—सेठानी, जेठानी, स्वामिनी, श्रीमती, लेखिका, शिक्षिका, लड़की, नायिका आदि।

## 7. वचन

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (i), 3. (ii), 4. (iii).

**(ख) कोष्ठक में दिए शब्द के बहुवचन रूप से वाक्य पूरा कीजिए–**

1. हमारी पुस्तकें **चित्रों** से सजी हैं।
2. **आम** कैसे हैं?
3. बच्चे **पंक्ति** में खड़े हैं।
4. भगत सिंह और उनके **साथी** आजादी के लिए लड़ रहे थे।
5. **फलों** को धोकर खाना चाहिए।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. संज्ञा या सर्वनाम शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक अथवा एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे **वचन** कहते हैं। वचन दो प्रकार के होते है—(i) एकवचन और (ii) बहुवचन।
2. शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक से अधिक होने का पता चलता है, वह **बहुवचन** कहलाता है; जैसे—पुस्तकें, लड़के, स्त्रियाँ, चाबियाँ, पत्ते, पंखे आदि।
3. शब्द के जिस रूप से उसके संख्या में एक होने का पता चलता है, वह **एकवचन** कहलाता है; जैसे—पुस्तक, लड़का, स्त्री, चाबी, पत्ता, पंखा आदि।
4. स्वयं करे।

## 8. कारक

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (i), 3. (iii).

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. कारक संज्ञा तथा सर्वनाम का संबंध क्रिया से बताते हैं।
2. कर्त्ता, क्रिया, साधन।
3. संज्ञा या सर्वनाम का वाक्य के अन्य पदों विशेषकर क्रिया से संबंध बताने वाले शब्द कारक कहलाते हैं।

कारक निम्नलिखित आठ प्रकार के होते हैं—(i) कर्त्ता, (ii) कर्म, (iii) करण, (iv) सम्प्रदान, (v) अपादान, (vi) सम्बन्ध, (vii) अधिकरण, (viii) सम्बोधन।

## 9. सर्वनाम

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (i), 3. (iii), 4. (i).

**(ख) नीचे लिखे वाक्यों में उचित शब्द भरिए–**

1. सर्वनाम शब्दों के प्रयोग से भाषा **सरल** लगती है।
2. सर्वनाम **छः** प्रकार के होते हैं।
3. पुरुषवाचक सर्वनाम के उपभेद हैं—**उत्तम** पुरुष, **मध्यम** पुरुष तथा अन्य पुरुष।
4. संज्ञा के स्थान पर जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उन्हें **सर्वनाम** कहते हैं।

**(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. जो शब्द संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, वे **सर्वनाम** कहलाते हैं।

   सोनल कक्षा पाँच में पढ़ती है। **वह** बुद्धिमान छात्रा है। **उसके** सभी अध्यापक उसे बहुत प्रेम करते हैं। **वह** हमेशा **उनकी** आज्ञा मानती है।

   उपर्युक्त वाक्यों में रंगीन शब्दों का प्रयोग **सोनल** के स्थान पर किया गया है, क्योंकि बार-बार सोनल शब्द लिखने से भाषा की सुंदरता समाप्त हो जाती है। ये सभी शब्द **सर्वनाम** हैं। किसी सर्वनाम शब्द का प्रयोग अलग-अलग व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए समान रूप से किया जा सकता है; जैसे—वह, उसके, उसे, उनका, आप, आपका आदि।
2. सर्वनाम के निम्नलिखित छ: भेद होते हैं—

   **(i) पुरुषवाचक सर्वनाम-**मैं/हम, तू/तुम, आप, वह/वे

   **(ii) निश्चयवाचक सर्वनाम-**यह, वह, ये

   **(iii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम-**कोई, कुछ, किसने

   **(iv) प्रश्नवाचक सर्वनाम-**कौन, क्या, यहाँ

   **(v) सम्बन्धवाचक सर्वनाम-**जो-सो, जैसा-वैसा

   **(vi) निजवाचक सर्वनाम-**स्वयं, अपने आप, अपना
3. जो सर्वनाम शब्द उस व्यक्ति को संबोधित करे जो बात कर रहा हो, उसे **उत्तम पुरुष** कहते है, जैसे—मैं, हम (बात करने वाला)

   जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग स्वयं के लिए किया जाता है, वे निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे—स्वयं, अपने-आप, आप-ही, स्वयं-ही आदिं यहाँ 'आप' आदरसूचक शब्द के रूप में प्रयोग नहीं हो रहा है, बल्कि स्वयं के लिए हो रहा है।
4. जो सर्वनाम शब्द किसी वस्तु या व्यक्ति की ओर निश्चित रूप से संकेत करते हैं, वे **निश्चयवाचक सर्वनाम** कहते हैं।

जिस सर्वनाम शब्द से किसी निश्चित वस्तु या व्यक्ति का बोध नहीं होता है, वे **अनिश्चयवाचक सर्वनाम** कहलाते हैं।

## 10. विशेषण

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (i), 2. (iii), 3. (i), 4. (i).

**(ख) क्रिया शब्दों के सही रूपों से वाक्य पूरे कीजिए–**

1. जलेबी बहुत **मीठी** थी।
2. यह रास्ता बहुत ही **लंबा** है।
3. गिलास में **थोड़ा** दूध है।
4. स्वामी विवेकानंद **बहुत** विद्वान थे।
5. वह कक्षा **दो** में पढ़ती है।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. किसी संज्ञा या सर्वनपाम के गुण, दोष, स्वभाव, दशा, आकार, रंग आदि की विशेषता बताने वाले शब्दों को, **गुणवाचक विशेषण** कहते हैं; जैसे—(i) सुरेश ने नए जूते खरीदे। (ii) कमला एक चतुर लड़की है।
2. **संख्यावाचक सर्वनाम**—जो शब्द किसी संज्ञा सर्वनाम की संख्या संबंधी विशेषता बताते हैं, उन्हें संख्यावाचक विशेषण कहते हैं।

   **परिमाणवाचक विशेषण**—जो विशेषण संज्ञा या सर्वनाम की मात्रा या परिमाण के विषय में बताते हैं,उन्हें परिमाणवाचक विशेषण कहते हैं।
3. जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता या गुण–अवगुण बताते हैं, वे **विशेषण** कहलाते हैं। जैसे—छोटा, बड़ा, ऊँचा, नीचा, नमकीन, मीठा, लाल, पीला, सुंदर, कोमल आदि।

## 11. क्रिया

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (i), 3. (i), 4. (i).

**(ख) उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरिए–**

1. जहाँ **कर्म** पाया जाता है, वहाँ सकर्मक क्रिया होती है।
2. लिंग, काल और वचन के साथ क्रिया का **मूल रूप** भी बदल जाता है।
3. क्रिया के मुख्यत: दो भेद हैं—**सकर्मक** व **अकर्मक** क्रिया।
4. क्रिया के बिना **वाक्य** अधूरा माना जाता है।
5. कार्य का करना या होना **क्रिया** कहलाता है।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. जिस जिस क्रिया का प्रयोग किसी–न–किसी कर्म के साथ किया जाता है, उसे **सकर्मक क्रिया** कहते हैं; जैसे—

   | मनोज | पुस्तक | पढ़ रहा है। |
   |---|---|---|
   | **कर्ता** | **कर्म** | **क्रिया** |

   अकर्मक क्रिया—जिस क्रिया के साथ कर्म नहीं होता, उसे **अकर्मक क्रिया** कहते हैं; जैसे—

   | दिनेश | हँसता | है। |
   |---|---|---|
   | **कर्ता** | **क्रिया** | |
2. जिन शब्दों से किसी काम का करना या होना पाया जाए, उन्हें **क्रिया** कहते हैं। क्रिया के मुख्यत: दो भेद होते हैं—

   (i) सकर्मक क्रिया, (ii) अकर्मक क्रिया।

## 12. काल

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (i), 3. (ii), 4. (i)

**(ख) रिक्त-स्थान में काल के भेदों के नाम भरिए–**

1. जिस काल में क्रिया हो रही होती है, वह क्रिया **वर्तमान** की क्रिया कहलाती है।
2. जो क्रिया भविष्य में होगी उसे **भविष्यकाल** की क्रिया कहते हैं।
3. क्रिया का वह रूप जिससे पता चले कि काम पूर्ण हो चुका है वह **भूतकाल** की क्रिया कहलाती है।

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. काल के तीन भेद होते हैं—

   **भूतकाल-**क्रिया के जिस रूप से बीते हुए समय में किसी कार्य के समाप्त होने का बोध हो, उसे **भूतकाल** कहते हैं; जैसे—(i) हमने लाल किला देखा था।

   (ii) रिया विद्यालय गई थी।

   **वर्तमानकाल-**क्रिया के जिस रूप से पता चले कि क्रिया अभी हो रही है या कि जा रही है तो उसे वर्तमानकाल की क्रिया कहते हैं; जैसे—(i) लड़का गाना गा रहा है।

   (ii) बच्चे खेल रहे है।

   **भविष्यत् काल**—क्रिया के जिस रूप से कार्य के आने वाले समय में होने का बोध हो, उसे **भविष्यत् काल** कहते हैं; जैसे—(i) मोहित अपने पापा के साथ बाजार जाएगा।

   (ii) मैं कल फुँटबाल खेलूँगा।
2. क्रिया के जिस रूप से उसके संपन्न होने के समय का पता चलता है, उसे **काल** कहते है।

## 13. अव्यय/अविकारी शब्द

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (ii), 3. (i), 4. (i).

**(ख) नीचे लिखे वाक्यों में सही अव्ययों का प्रयोग कीजिए–**

1. हम पार्क में नहीं खेल सकते **क्योंकि** बारिश हो रही है।
2. मेहनत **के बिना** कोई काम नहीं हो सकता।
3. चुपचाप बैठो **या** चले जाओ।
4. **देखो!** कैसा सुहावना मौसम है।
5. पेड़ **पर** बन्दर बैठा है।

**(ग) नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

1. ऐसे शब्द जो किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम के बाद आकर उस का संबंध वाक्य के अन्य संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों से जोड़ते हैं, उन्हें **संबंधबोधक** कहते हैं।
2. दो या दो से अधिक शब्दों (पदों) या वाक्यों को जोड़ने वाले शब्द को **समुच्यबोधक** या **योजक शब्द** कहते हैं।
3. जो शब्द क्रिया के काल, स्थान, रीति आदि की विशेषताएँ बताते हैं, उन्हें **क्रियाविशेषण** कहा जाता है; जैसे—

   घोड़ा तेज दौड़ रहा है।

   ज्योति मधुर गा रही है।
4. जो शब्द आश्चर्य, खुशी, घृणा, दु:ख, प्रशंसा, इच्छा आदि भावों को प्रकट करते हैं, उन्हें **विस्मयादिबोधक शब्द** कहते हैं।
5. समुच्यबोधक शब्द।

## 14. विराम–चिह्न

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (iii), 2. (i).

**(ग) निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए–**

1. वाक्य बोलते या लिखते समय विराम को प्रकट करने वाले चिह्नों को **विराम चिह्न** कहते हैं।
2. सामान्य की समाप्त पर इसका प्रयोग किया जाता है। प्रश्नवाचक और विस्मयादिबोधक वाक्यों के अलावा अन्य सभी वाक्यों के अंत में पूर्ण विराम का प्रयोग किया जाता है; जैसे—

   मेरा नाम अंश है।

   पिता जी अखबार पढ़ रहे हैं।
3. विराम–चिह्न आठ प्रकार के होते हैं—

   (i) पूर्ण विराम (।)

   (ii) अल्प विराम (,)

   (iii) अद्‌र्ध–विराम (;)

   (iv) प्रश्नवाचक चिह्न (?)

   (v) विस्मयादिबोधक चिह्न (!)

   (vi) योजक चिह्न (-)

   (vii) उद्‌धरण चिह्न (' ') (" ")

   (viii) लाघव चिह्न (०)
4. बोलते या लिखते समय जब एक शब्द को दूसरे शब्द से या एक वाक्य को दूसरे वाक्य से अलग करने के लिए थोड़ा रुकते हैं, तब इस चिह्न का प्रयोग किया जाताहै। अल्प विराम (,) का प्रयोग कई परिस्थितियों में होता है।

   जैसे—राजन, तुम इधर आओ।

## 15. शब्द–भंडार

**(क) सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (i), 3. (i), 4. (ii), 5. (i).

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए–**

1. जो शब्द एक–दूसरे का विपरीत अर्थ बताते हैं, विपरीतार्थक या विलोम शब्द कहलाते हैं।
2. दोस्त, साथी, सखा, मीत।
3. ऐसे शब्द जो सुनने में एक समान हों किंतु उनके अर्थ भिन्न हों **श्रुतिसम-भिन्नार्थक शब्द** कहलाते हैं।

## 16. मुहावरे और लोकोक्तियाँ

**(क) नीचे कुछ मुहावरे के तीन-तीन अर्थ दिए गए हैं। सही अर्थ पर सही (✓) का चिह्न लगाइए–**

1. (ii), 2. (i), 3. (ii), 4. (ii).

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए–**

1. ऐसे वाक्यांश जिनका अर्थ उनके शाब्दिक अर्थ से भिन्न होता है, **मुहावरे** कहलाते हैं।
2. लोगों के अनुभव के आधार पर समाज में प्रचलित कथन (उक्ति) लोकोक्ति कहलाती है। जैसे—

   (i) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे।

   (ii) अपनी–अपनी ढपली अपना–अपना राग।

## 17. पत्र–लेखन

स्वयं करें।

## 18. निबंध लेखन

स्वयं करें।

## 19. अपठित गद्यांश

स्वयं करें।

## आदर्श प्रश्न–पत्र–I

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (i), (ख) (i), (ग) (i), (घ) (iii).

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए–**

(क) वर्णों का सार्थक समूह **वर्णमाला** कहलाता है।

(ख) लिंग दो प्रकार के होते है—**स्त्रीलिंग** तथा **पुंल्लिग**।

(ग) स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द **स्त्रीलिंग** कहलाते है।

(घ) **पुरुष** जाति का बोध कराने वाले शब्द पुल्लिंग कहलाते है।

(ङ) सर्वनाम **छः** प्रकार के होते है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) सर्वनाम के निम्नलिखित छ: भेद होते हैं—

**(i) पुरुषवाचक सर्वनाम-**मैं/हम, तू/तुम, आप, वह/वे

**(ii) निश्चयवाचक सर्वनाम-**यह, वह, ये

**(iii) अनिश्चयवाचक सर्वनाम-**कोई, कुछ, किसने

**(iv) प्रश्नवाचक सर्वनाम-**कौन, क्या, यहाँ

**(v) सम्बन्धवाचक सर्वनाम-**जो-सो, जैसा-वैसा

**(vi) निजवाचक सर्वनाम-**स्वयं, अपने आप, अपना

(ख) शब्द के जिस रूप से उसके स्त्री अथवा पुरुष जाति के होने का पता चलता है, वह **लिंग** कहलाता है। लिंग दो प्रकार के होते है—पुल्लिग और स्त्रीलिंग।

(ग) जो शब्द किसी पुरुष जाती के होने के बारे में बताएँ, उन्हें **पुल्लिंग** कहते हैं; जैसे—पापा, मामा, चाचा, दादा, लड़का आदि।

(घ) स्त्री जाति का बोध कराने वाले शब्द **स्त्रीलिंग** कहलाते हैं; जैसे—सेठानी, जेठानी, स्वामिनी, श्रीमती, लेखिका, शिक्षिका, लड़की, नायिका आदि।

(ङ) जो शब्द संज्ञा शब्दों के स्थान पर प्रयोग किए जाते हैं, वे **सर्वनाम** कहलाते हैं।

सोनल कक्षा पाँच में पढ़ती है। **वह** बुद्धिमान छात्रा है। **उसके** सभी अध्यापक उसे बहुत प्रेम करते हैं। **वह** हमेशा **उनकी** आज्ञा मानती है।

उपर्युक्त वाक्यों में रंगीन शब्दों का प्रयोग **सोनल** के स्थान पर किया गया है, क्योंकि बार-बार सोनल शब्द लिखने से भाषा की सुंदरता समाप्त हो जाती है। ये सभी शब्द **सर्वनाम** हैं। किसी सर्वनाम शब्द का प्रयोग अलग-अलग व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए समान रूप से किया जा सकता है; जैसे—वह, उसके, उसे, उनका, आप, आपका आदि।

# आदर्श प्रश्न-पत्र-II

**1. सही उत्तर पर (✓) का चिह्न लगाइए–**

(क) (iii), (ख) (i), (ग) (ii), (घ) (ii).

**2. सही शब्दों से रिक्त स्थान भरिए–**

(क) जो क्रिया भविष्य में होगी उसे **भविष्य** की क्रिया कहते है।

(ख) दो शब्दों को जोड़ने के लिए **योजन चिह्न** का प्रयोग किया जाता है।

(ग) किसी वाक्य के पूरे होने पर **पूर्ण विराम** का प्रयोग होता है।

(घ) वाक्य में प्रयुक्त पद विशेष को स्पष्ट करने के लिए **दोहरा उद्धरण चिह्न** का प्रयोग करते है।

(ङ) वाक्य में किसी व्यक्ति, वस्तु को दूसरे से अलग करने के लिए **इकहरा उद्धरण चिह्न** का प्रयोग किया जाता है।

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

(क) क्रिया के जिस रूप से उसके संपन्न होने के समय का पता चलता है, उसे **काल** कहते है।

(ख) काल के तीन भेद होते है—(i) भूतकाल, (ii) वर्तनमान काल, (iii) भविष्यतकाल ।

(ग) जो शब्द क्रिया के काल, स्थान, रीति आदि की विशेषताएँ बताते हैं, उन्हें **क्रियाविशेषण** कहा जाता है; जैसे—

घोड़ा तेज दौड़ रहा है।

ज्योति मधुर गा रही है।

(घ) ऐसे शब्द जो किसी संज्ञा अथवा सर्वनाम के बाद आकर उस का संबंध वाक्य के अन्य संज्ञा अथवा सर्वनाम शब्दों से जोड़ते हैं, उन्हें **संबंधबोधक** कहते हैं।

(ङ) दो या दो से अधिक शब्दों (पदों) या वाक्यों को जोड़ने वाले शब्द को **समुच्चयबोधक** या **योजक शब्द** कहते हैं।